<u>आकाशवाणी मध्यप्रदेश</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक : 22.06.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कूनो में चीता मित्रों से किया संवाद, चीता संरक्षण की ली जानकारी।
- प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में कल से 6 जुलाई तक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की याद में विशेष पखवाड़े का होगा आयोजन।
- उज्जैन में महाकाल की भस्म आरती दर्शन के लिए अब एक मोबाइल नंबर से 3 महीने में सिर्फ एक बार मिलेगी अनुमति, नई व्यवस्था आज से लागू।
- प्रदेश में लंबा हुआ मानसून का इंतजार, 25 जून के बाद इसके राज्य में प्रवेश के आसार।

<u>राष्ट्रपति-प्रोजेक्ट चीता</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने दो दिवसीय कूनो नेशनल पार्क के प्रवास के दौरान आज चीता मित्रों से संवाद कर चीता संरक्षण के प्रयासों की जानकारी ली। राष्ट्रपति ने चीता मित्रों से चर्चा करते हुए उनके द्वारा चीतों की सुरक्षा और आमजन के बीच चीतों के व्यवहार को लेकर किये जा रहे जन-जागरूकता के प्रयासों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। श्रीमती मुर्मु ने सभी चीता मित्रों से वन-टू-वन चर्चा कर परियोजना के कट- जागृति शर्मा, दिल्ली

राष्ट्रपति कूनो से ग्वालियर पहुंची जहां से वे अपना 5 दिनी मध्यप्रदेश दौरा संपन्न कर दिल्ली रवाना हुईं।

<u>श्यामा प्रसाद मुखर्जी पखवाड़ा</u>

प्रदेश में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से उनकी जयंती 6 जुलाई तक विशेष पखवाखा आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगरीय निकायों के महापौर तथा नगरपालिका अध्यक्ष को मुख्यमंत्री निवास से वी.सी. के माध्यम से संबोधित करते हुए इसके निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का मानना था कि युवा राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने युवाओं को नेतृत्व, शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रेरित किया। इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। पखवाड़े के दौरान युवा सम्मेलन, निबंध प्रतियोगिता और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इससे नई पीढ़ी को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नगरीय निकायों द्वारा मार्गों और उद्यानों का नामकरण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर किया जा सकता है। इस प्रकार की पहल के लिए सभी प्रक्रियाओं का पालन, आवश्यक रूप से किया जाए

तथा सक्षम स्तर से सभी स्वीकृतियां अवश्य ली जाएं।

केंद्रीय मंत्री दौरा

केंद्रीय सूचना-प्रसारण और संसदीय कार्य राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने आज राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री - कथन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अपार सफलता इस बात का प्रमाण है कि योग न केवल विश्वभर में लाखों लोगों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद कर रहा है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास के साथ सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित भी कर रहा है। सोशल मीडिया पर एक संस्कृत श्लोक साझा करते हुए मोदी ने कहा कि योग मन को पूर्णतः शांत करने का साधन है।

यूसीसी-परामर्श बैठक

भोपाल के प्रशासन अकादमी में समान नागरिक संहिता-यूसीसी की राज्य स्तरीय समिति की अंतिम दौर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समिति की अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना प्रकाश देसाई दिल्ली में एक अन्य आवश्यक मीटिंग होने के कारण व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हो सकीं। उनकी अनुपस्थिति में समिति के अन्य सदस्य—शत्रुघ्न सिंह, बुद्ध सिंह, गोपाल शर्मा, अनूप नायर और शोभा पैठणकर ने समिति के सदस्य सचिव अजय कटेसरिया के साथ मिलकर अलग-अलग चार सत्रों में विभिन्न पक्षों से महत्वपूर्ण सुझाव लिए।

बैठक में देश की 6 राष्ट्रीय पार्टियों- भाजपा, कांग्रेस, बसपा, आम आदमी पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं को भी आमंत्रित किया गया था। हालांकि, इस महत्वपूर्ण चर्चा में केवल भाजपा और सीपीएम के नेता ही शामिल होने पहुंचे, जबकि कांग्रेस सहित अन्य दल बैठक से नदारद रहे।

महाकाल दर्शन

उज्जैन स्थित ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर में भस्म आरती के लिए आज से नई व्यवस्था लागू हो गई है। अब श्रद्धालु बाबा महाकाल की भस्म आरती की अनुमति के लिए तीन माह में सिर्फ एक बार अपने मोबाइल नंबर का उपयोग कर सकेंगे। यह व्यवस्था प्रोटोकॉल से आने वाले ऐसे मोबाइल नंबरों पर भी लागू होगी, जिनसे हर माह भस्म आरती की अनुमति ली जा रही है।

हालांकि, मंदिर समिति का कहना है कि यह व्यवस्था पहले से लागू है, जिसे अब और प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। महाकाल मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि यह व्यवस्था पहले से लागू है। अब इसे और प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है, ताकि आम श्रद्धालुओं को भी आसानी से दर्शन का मौका मिले। अब एक ही मोबाइल नंबर का बार-बार उपयोग नहीं हो सकेगा। इस नियम से उन आम भक्तों को फायदा होगा जो महीनों तक ऑनलाइन बुकिंग नहीं कर पाते थे। मंदिर समिति का दावा है कि इससे भस्म आरती में पारदर्शिता बढ़ेगी।

एनआईडी एमपी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल आदिरंग शिल्पकार महोत्सव 2026 के समापन समारोह में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम अचारपुरा स्थित राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान परिसर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री महोत्सव के दौरान जनजातीय शिल्पकारों द्वारा विकसित उत्पादों एवं डिजाइन हस्तक्षेपों की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। साथ ही शिल्पकारों, डिजाइन विशेषज्ञों और प्रतिभागियों से संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में जनजातीय कला, शिल्प और आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों तथा डिजाइन आधारित नवाचारों की जानकारी दी जाएगी।

आधार ऐप-रिकॉर्ड

इस वर्ष जनवरी में आधार ऐप शुरू होने के बाद तीन करोड दस लाख से अधिक लोगों ने इसे डाउनलोड किया है। इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया है कि इस ऐप के बढते इस्तेमाल से पता चलता है कि सेवाओं का लाभ शीघ्र उठाने में इसके प्रति लोगों का भरोसा बढा है। इसका उपयोग करके करीब चालीस लाख लोगों ने अपने मोबाइल नम्बर अपडेट किये हैं और करीब साढे आठ लाख लोगों ने अपने पते अपडेट करने के लिए इस ऐप का इस्तेमाल किया है।

ऐप के जरिये एक ही क्लिक में लॉक या अनलॉक करना, उपस्थिति के साक्ष्य के लिए चेहरा प्रमाणित करना, क्यूआर- बेस्ड परिचय-पत्र और विजिटिंग कार्ड जैसी सेवाएं प्राप्त की जा रही हैं।

फिल्म

19वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026 में डॉ. बीना उन्नीकृष्णन की डॉक्यूमेंट्री ‘Y64 – व्हिस्पर्स ऑफ द अनसीन’ का प्रदर्शन हुआ। संस्कृति विभाग के सहयोग से निर्मित यह डॉक्यूमेंट्री अंतर्राष्ट्रीय

दर्शकों के लिए पहली बार प्रदर्शित की गई। यह फिल्म प्रदेश के मितावली स्थित मंदिर पर बनी है। अपर मुख्य सचिव, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व शिव शेखर शुक्ला ने कहा है कि मध्यप्रदेश के मितावली मुरैना, जबलपुर और खजुराहो के 64 योगिनी मंदिर हमारी पुरातन स्थापत्य कला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मितावली का 64 योगिनी मंदिर, जिसने भारत की पुरानी संसद भवन की वास्तुकला को प्रेरित किया, यह आज यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की अस्थायी सूचि में भी शामिल है। 'Y64 – Whispers of the Unseen' जैसी परियोजना इस अद्वितीय विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचा रही है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में मानसून तय समय से करीब सात दिन पीछे चल रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में मानसून की एंट्री के लिए अभी चार दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। 23 जून तक मानसून के छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की ओर आगे बढ़ने की संभावना है, जबकि 25 जून के बाद इसके मध्यप्रदेश में प्रवेश करने के आसार हैं। जबलपुर से हमारी संवाददाता ने बताया है कि शहर में आज सुबह आधा घंटे से अधिक अच्छी बारिश हुई, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली।

इस बीच प्रदेश के 21 से अधिक जिलों में आंधी और बारिश की गतिविधियां आज भी जारी हैं। झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, मैहर, अनूपपुर, कटनी, दमोह, सागर, विदिशा और अशोकनगर में तेज आंधी चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

- बैतूल के आईटीआई प्रभातपट्टन में वर्ष 2026 में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गयी है।
- झाबुआ कलेक्टर ने शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए कन्या माध्यमिक शाला पिटोलबड़ी के सहायक शिक्षकों और प्रधान पाठक को सम्मानित किया।
- आज सीहोर जिले के बमूलिया, मुगाली, पांगरा, बागेर और नौगांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एनएचआरसी दिल्ली द्वारा एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया।
- शिवपुरी जिले में पीएम जनमन आवास योजना में लापरवाही को लेकर ग्राम पंचायत करई के सचिव को निलंबित किया गया है।
- गुना युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 24 जून को शासकीय महाविद्यालय चांचौड़ा बीनागंज में आयोजित किया गया .
- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, खंडवा द्वारा प्लंबिंग एवं सेनेटरी वर्क का छह दिवसीय प्रशिक्षण 10 जुलाई से आयोजित किया जाएगा। पंजीयन 8 जुलाई तक होगा।

------------------------